22 क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम

1. निम्न में से कौनसा मिशन विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) की सामाजिक आर्थिक स्थितियों में सुधार करने के लिए शुरू किया गया है?
(1) प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान
(2) जनजातीय क्षेत्र विकास मिशन
(3) प्रधानमंत्री जनजातीय आवास मिशन
(4) मुख्यमंत्री जनजातीय आवास मिशन (1)

व्याख्या– यह मिशन (पीएम जनमन) विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पी.वी.टी.जी.) की सामाजिक आर्थिक स्थितियों में सुधार करने के लिए शुरू किया गया है। इस मिशन का उद्देश्य 75 विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों का विकास करना है।

2. राजस्थान में मगरा क्षेत्र विकास कार्यक्रम कब प्रारम्भ किया गया?
(1) 2010–11 (2) 2005–06
(3) 2008–09 (4) 2002–03 (2)

व्याख्या– राजस्थान का दक्षिणी मध्य भाग, जो कि पहाड़ी क्षेत्र से घिरा हुआ है, विशेषत: ब्यावर, भीलवाड़ा, पाली, चित्तौड़गढ़ एवं राजसमंद जो जनजाति क्षेत्र के अन्तर्गत नहीं आता है, मगरा क्षेत्र के नाम से जाना जाता है। मगरा क्षेत्र विकास कार्यक्रम 2005–06 में शुरू किया गया, जो उक्त 5 जिलों के 1746 गाँवों में क्रियान्वित है।

3. वर्तमान में डांग क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम राजस्थान के कितने जिलों में संचालित है?
(1) 10 (2) 6 (3) 12 (4) 9 (4)

व्याख्या– यह कार्यक्रम वर्ष 2005–06 से पुन: प्रारंभ किया गया है। वर्तमान में 9 जिलों (सवाई माधोपुर, करौली, धौलपुर, गंगापुर सिटी, कोटा, बूँदी, बारां, झालावाड़, व भरतपुर) के 2192 गाँवों में संचालित है।

4. राजस्थान के कितने जिले सीमांत क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत आते हैं?
(1) 5 (2) 6 (3) 7 (4) 8 (1)

व्याख्या– प्रारम्भ यह कार्यक्रम राज्य के 4 सीमावर्ती जिलों के 16 खंडों में क्रियान्वित था। वर्तमान में यह राज्य के 5 सीमावर्ती जिलों (बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर, गंगानगर व अनूपगढ़) के 16 खंडों में क्रियान्वित किया जा रहा है।

5. मुख्यमंत्री क्षेत्रीय विकास योजना/कार्यक्रम किस वर्ष प्रारम्भ की गई?
(1) वर्ष 2022 (2) वर्ष 2023
(3) वर्ष 2020 (4) वर्ष 2012 (1)

व्याख्या– योजनान्तर्गत प्रदेश के दुर्गम, दुरुस्त एवं पिछड़े सहित राज्य के संपूर्ण क्षेत्र में व्यवस्थित आधारभूत संरचना एवं ग्रामीण विकास के लिए प्रदेश की भौगोलिक आर्थिक सामाजिक स्तर पर क्षेत्रीय विभिन्नताओं, आवश्यकताओं तथा संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए समग्र विकास करना है।

6. बजट 2024–25 में पूर्वी राजस्थान के दूरस्थ क्षेत्रों के क्षेत्रीय विकास के लिए कौनसी योजना प्रारम्भ करने की घोषणा की गई है?
(1) संबल ग्राम विकास योजना
(2) गुरू गोविन्द जनजातीय क्षेत्रीय विकास योजना
(3) बृज क्षेत्रीय विकास योजना
(4) पीएम जनमन विकास योजना (3)

7. मेवात क्षेत्र विकास कार्यक्रम किस वर्ष प्रारम्भ किया गया?
(1) 1975–76 (2) 1986–87
(3) 1985–86 (4) 1995–96 (2)

व्याख्या– यह कार्यक्रम अलवर व भरतपुर के 14 विकास खण्डों में क्रियान्वित किया जा रहा था, वर्तमान में 3 जिलों (अलवर, भरतपुर, खैरथल– तिजारा) के 807 गाँवों में क्रियान्वित किया जा रहा है।

8. डांग क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम का मूल उद्देश्य है–
(1) पिछड़े एवं निर्धन व्यक्तियों के जीवन स्तर में सुधार करना।
(2) सामाजिक आर्थिक विकास करना, डाकुओं से मुक्ति दिलाना व पर्यावरण का विकास करना।
(3) आधारभूत ढांचे के विकास और सीमावर्ती आबादी के मध्य सुरक्षा की भावना को बढ़ावा देना
(4) पर्यावरण संतुलन बनाये रखना व वनों की कटाई पर रोक लगाना। (2)

9. कंदरा सुधार कार्यक्रम कितने जिलों में संचालित है?
(1) 5 (2) 8 (3) 11 (4) 9 (2)

व्याख्या– कंदरा सुधार कार्यक्रम 8 प्रभावित जिलों (कोटा, बूँदी, बारां, झालावाड़, सवाई माधोपुर, करौली, भरतपुर व धौलपुर) में संचालित है।

10. सहरिया विकास कार्यक्रम किस वर्ष प्रारम्भ किया गया है?
(1) वर्ष 1985–86 (2) वर्ष 1995–96
(3) वर्ष 1977–78 (4) वर्ष 1974–75 (3)

व्याख्या– इसमें सहरिया जनजाति की आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए कृषि, पशुपालन, वानिकी, शिक्षा, चिकित्सा सेवाओं का विस्तार आदि कार्यक्रमों का संचालन किया जाता है।

Read, Hear and Achieve
Dhindhwal Publication

राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –





टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

– Dhindhwal Publication

– धींधवाल पब्लिकेशन

– Dhindhwal Classes

– @Publication-DP

– Dhindhwal Publication

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।